हरिभूमि
# विंध्य भूमि
5
जबलपुर, रविवार 7 सितंबर 2025
login : www.haribhoomi.com
सतना | छतरपुर | रीवा | सिंगरौली | पन्ना

**खबर संक्षेप**

## नाबालिग का अपहरण कर जबरन कर ली शादी, आरोपी को किया गिरफ्तार

**सतना।** पुलिस ने एक नाबालिग लड़की का अपहरण कर उसके साथ जबरन शादी करने और शारीरिक संबंध बनाने के आरोप में सोनू उर्फ सुनील विश्वकर्मा को गिरफ्तार किया है। फरियादी काशी प्रसाद प्रजापति ने थाना सिटी कोतवाली में अपनी नाबालिग बेटी के अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तुरंत कार्रवाई शुरू की और नाबालिग लड़की को खोजने के लिए एक टीम का गठन किया। पुलिस ने अखबारों में पंपलेट और पोस्टर लगाकर, मुखबिरों से जानकारी जुटाकर और साइबर सेल की मदद से आरोपी और पीड़िता का पता लगाना शुरू किया। जांच के दौरान, पुलिस को पता चला कि नाबालिग और आरोपी सोनू उर्फ सुनील विश्वकर्मा इंदौर में हैं। पुलिस टीम ने नायता मुंडला,देवगदरिया रोड,इंदौर से उन्हें ढूंढ निकाला। पूछताछ में नाबालिग ने बताया कि सोनू उर्फ सुनील विश्वकर्मा ने उसे फोन करके रेलवे स्टेशन बुलाया,फिर उसे विदिशा और बाद में इंदौर ले गया। वहाँ उसने किराए का कमरा लेकर उससे जबरन शादी की और उसके साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता के बयान के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया और न्यायालय में पेश किया गया। न्यायालय ने आरोपी को जेल भेज दिया है।

## मैहर की सड़कों की दुर्दशाः ओवरलोड ट्रकों से परेशानी



**मैहर।** मैहर में स्थित तीन सीमेंट फैक्ट्रियों के ओवरलोड ट्रकों के कारण क्षेत्र की सड़कों की हालत बद से बदतर होती जा रही है। इन ट्रकों के चलने से सड़कें उखड़ गई हैं,जिससे आए दिन दुर्घटनाएं होती हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि जिला प्रशासन और आरटीओ इस समस्या पर कोई कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। इन ट्रकों से गिरने वाले पत्थर भी लोगों को चोटिल कर रहे हैं। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि ये कंपनियां कॉर्पोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी (सीएसआर) फंड का उपयोग सड़कों की मरम्मत या चौड़ीकरण के लिए नहीं करती हैं,बल्कि अधिकारियों की मिलीभगत से फंड का दुरुपयोग किया जा रहा है। क्षेत्रीय लोगों ने जिला प्रशासन से इन ओवरलोड ट्रकों पर रोक लगाने और सड़कों की मरम्मत कराने की मांग की है,ताकि आमजन को राहत मिल सके और दुर्घटनाओं में कमी आए।

## डीआरयूसीसी की बैठकः मैहर रेलवे स्टेशन के ऑटो स्टैंड और अन्य मुद्दों पर हुई चर्चा

**मैहर।** हाल ही में जबलपुर रेल मंडल के डीआरएम कार्यालय में मंडल रेल उपयोगकर्ता सलाहकार समिति (डीआरयूसीसी) की बैठक हुई। इस बैठक में मैहर से भाजपा के वरिष्ठ नेता और समिति सदस्य सत्यभान सिंह ने कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर ध्यान आकर्षित कराया। सत्यभान सिंह ने मैहर रेलवे स्टेशन के ऑटो स्टैंड की समस्या का स्थायी समाधान निकालने का सुझाव दिया,जिसे डीआरएम ने एक बड़ी समस्या मानते हुए जल्द ठीक करने का आश्वासन दिया।इसके अलावा,उन्होंने झुकेही रेलवे स्टेशन पर फुटओवर ब्रिज बनाने,मैहर रेलवे स्टेशन पर बन रहे आरओबी ब्रिज को प्लेटफॉर्म नंबर तीन तक बढ़ाने और मैहर रेल साइडिंग को शहर से बाहर स्थानांतरित करने की मांग की। उन्होंने 21186 रेवांचल एक्सप्रेस का विस्तार इंदौर तक करने का भी सुझाव दिया।उनका तर्क था कि यह ट्रेन भोपाल में दिन भर खड़ी रहती है और अगर इसे इंदौर तक बढ़ाया जाता है,तो विंध्य क्षेत्र के छात्रों और व्यापारियों को बड़ी सुविधा मिलेगी। बैठक में मंडल रेल प्रबंधक कमल कुमार तलरेजा,अपर मंडल रेल प्रबंधक आनंद कुमार सहित कई वरिष्ठ अधिकारी और डीआरयूसीसी के सदस्य उपस्थित थे।

### मुंह में नली डालते समय निकला खून, रीवा रेफर करने से पहले तड़प कर मौत

# बस स्टैंड स्थित चित्रकूट अस्पताल में महिला की मौत के बाद हंगामा

**सतना।** कोलगवां थाना क्षेत्र के बस स्टैंड इलाके में स्थित चित्रकूट चैरिटेबल हॉस्पिटल में एक 60 वर्षीय महिला की मौत हो गई। मृतका की पहचान हनुमान नगर नई बस्ती निवासी सियावाई विश्वकर्मा के रूप में हुई। मृतका के परिजनों ने लापरवाही का आरोप लगाते हुए अस्पताल में जमकर हंगामा किया। घटना की शिकायत पुलिस से की गई है। पूरे मामले की जांच की जा रही है। इस अस्पताल





में यह कोई नया और पहला मामला नहीं है। बताया जाता है कि महिला को बुखार और पेट में इन्फेक्शन की शिकायत थी। पिछले तीन दिनों से डॉ.एस.पी.तिवारी से उनका इलाज चल रहा था। शनिवार को अस्पताल के कंपाउंडर ने परिजनों को वार्ड से बाहर निकाल दिया। कचरा साफ करने का बहाना बनाकर उसने महिला के मुंह में नली डाली। नली डालते समय महिला को ब्लीडिंग शुरू हो गई। इससे उनकी हालत बिगड़ गई। गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें रीवा रेफर किया गया। लेकिन अस्पताल से बाहर निकलने से पहले ही उनकी मृत्यु हो गई। सियावाई के बेटे विष्णु विश्वकर्मा ने अस्पताल प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाया। उनका कहना है कि गलत तरीके से नली डालने के कारण उनकी मां की जान गई। परिजनों ने मामले की जांच और अस्पताल के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

# सगी बहनों को सांप ने काटा, मौत



सपना साहू



निशा साहू

**सतना।** दो सगी बहनों को करैत सांप ने डस लिया। 24 घंटे के अंदर दोनों की मौत हो गई। घटना ग्राम छींदा खम्हारिया खुर्द की है। वन विभाग की टीम ने सांप को रेस्क्यू कर लिया है। जानकारी के अनुसार, गांव में जमीदार साहू की 10 साल की बेटी सपना साहू गुरुवार देर रात घर में सो रही थी। इसी दौरान जहरीले सांप ने उसे काट लिया।परिवार उसे इलाज के लिए ले गए,लेकिन उसकी मौत हो गई। शुक्रवार रात को सपना की बड़ी बहन निशा साहू 17 वर्ष को भी सांप ने डस लिया। परिजन उसे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां डॉक्टरों ने जांच के बाद निशा को मृत घोषित कर दिया। किसान जमीदार साहू की 5 बेटियां थी। उनका कोई बेटा नहीं है। लगातार दो बेटियों की मौत से परिवार टूट गया है और पूरे गांव में मातम छाया हुआ है। बड़ी बहन निशा पढ़ाई नहीं करती थी। छोटी बहन सपना 5वीं की छात्रा थी। सपना और निशा सगी बहनें थीं।

### डसने के बाद पेट में तेज दर्द उठा

जमीदार साहू ने बताया कि छोटी बेटी सपना खाट पर सो रही थी। उसके पैर में सांप ने काटा तो परिवार को लगा कि मच्छर ने काटा है। कुछ देर बाद उसके पेट में तेज दर्द उठा तो उसने मां को बताया। हमने देखा तो उसके पैर में सांप के काटने के छोटे लाल निशान थे। जमीदार ने बताया कि वे उसे गांव से 18 किलोमीटर दूर जिला अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शाम को पोस्ट मार्टम के बाद परिजन शव लेकर घर पहुंचे। शुक्रवार की रात में जब सभी लोग शव के पास बैठे थे, तभी दूसरे कमरे में सो रही बड़ी बेटी निशा की चीख सुनाई दी। परिजन ने देखा कि उसके हाथ में सांप ने काट लिया है। वे उसे रात में ही जिला अस्पताल ले गए। वहां ड्यूटी डॉक्टर ने एंटी स्नेक वेनम लगाकर इलाज शुरू किया, लेकिन जहर का असर ज्यादा था, इसी दौरान शनिवार की सुबह निशा की भी मौत हो गई।

### समय पर इलाज न मिलने और जागरुकता की कमी से गई

जनपद सदस्य गौरव सिंह ने बताया,शनिवार को दोनों बहनों के शवों का जिला अस्पताल सतना में पोस्टमार्टम कराया जाएगा। इसके बाद गांव में अंतिम संस्कार होगा। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में लगातार सर्पदंश की घटनाएं हो रही हैं। समय पर प्राथमिक उपचार और जागरूकता के अभाव में लोगों की जान चली जाती है। वहीं ग्रामीणों की मांग है कि गांवों में सर्पदंश से बचाव और इलाज के लिए जागरूकता अभियान चलाया जाए। साथ ही,स्वास्थ्य केंद्रों में जरूरी दवाइयां और सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं।

# रेलवे स्टेशन पर पार्किंग ठेके की कमी यात्री असुरक्षा और अव्यवस्था से परेशान

**सतना।** पश्चिम मध्य रेलवे के सतना रेलवे स्टेशन पर वाहन पार्किंग स्टैंड का ठेका न होने से यात्रियों में असुरक्षा और अव्यवस्था का माहौल है। प्रतिदिन हजारों की संख्या में यात्री अपने वाहन पार्किंग स्थल पर खड़े करते हैं,लेकिन ठेकेदार के अभाव में यह स्थल असुरक्षित हो गया है। हाल ही में वाहनों की चोरी की घटनाओं में बढ़ोतरी हुई है,जिसकी रिपोर्टें स्थानीय जीआरपी थाने में भी दर्ज की गई हैं। इस समस्या के कारण यात्रियों में गहरा आक्रोश है,जो कभी-कभी स्टेशन पर वाद-विवाद और अप्रिय स्थिति का कारण बन जाता है। आम जनता में रेल प्रशासन के प्रति असंतोष बढ़ रहा है,जिससे भविष्य में कानून-व्यवस्था की गंभीर समस्याएँ उत्पन्न हो सकती हैं। ऐसी स्थिति से रेलवे संपत्ति को भी नुकसान पहुँचने की संभावना है।स्थानीय निवासियों और यात्रियों ने महाप्रबंधक,पश्चिम मध्य रेलवे, मुख्यालय जबलपुर से इस मामले में तत्काल हस्तक्षेप करने और सतना रेलवे स्टेशन पर वाहन पार्किंग का ठेका शीघ्र आवंटित करने का आग्रह किया है,ताकि यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके और स्टेशन पर शांतिपूर्ण व्यवस्था बहाल हो सके।

### जीआरपी ने पश्चिम मध्य रेलवे के महाप्रबंधक और प्रबंधन को लिखा पत्र

रेलवे स्टेशन पर पार्किंग क्षेत्र का ठेका न होने से उत्पन्न हो रही अव्यवस्था और असुरक्षा को लेकर जीआरपी चौकी प्रभारी राजेश राज ने




पश्चिम मध्य रेलवे के महाप्रबंधक और मंडल रेल प्रबंधक को एक पत्र लिखा है। पत्र में उन्होंने कहा है कि ठेके की अनुपस्थिति के कारण स्टेशन परिसर में स्थिति लगातार बिगड़ रही है,जिससे यात्रियों और उनके वाहनों की सुरक्षा खतरे में है। जीआरपी प्रभारी ने अपने पत्र में उल्लेख किया है कि ठेकेदार न होने से वाहन पार्किंग की कोई समुचित व्यवस्था नहीं है। इससे आए दिन वाहनों की चोरी और तोड़फोड़ की घटनाएं हो रही हैं,जिनकी शिकायतें जीआरपी थाने में लगातार दर्ज हो रही हैं। उन्होंने बताया कि यात्रियों को अपने वाहनों की सुरक्षा की चिंता रहती है,जिससे उनमें असंतोष और आक्रोश पनप रहा है। यह स्थिति कभी भी अप्रिय घटना का रूप ले सकती है और कानून-व्यवस्था के लिए गंभीर चुनौती बन सकती है। राजेश राज ने रेलवे प्रबंधन से आग्रह किया है कि वे इस गंभीर मामले को संज्ञान में लें और यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए शीघ्र ही पार्किंग क्षेत्र का ठेका आवंटित करें। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि इस समस्या पर ध्यान नहीं दिया गया,तो भविष्य में बड़ी घटनाओं से इनकार नहीं किया जा सकता।

# धूमधाम से हुआ गणपति विसर्जन,'गणपति बप्पा मोरया' के जयकारों से गूंज उठा सतना





**सतना।** ग्यारह दिनों की भक्ति और उल्लास के बाद,शनिवार को भक्तों ने गाजे-बाजे के साथ भगवान गणेश की प्रतिमाओं का विसर्जन किया। पूरे शहर में 'गणपति बप्पा मोरया,अगले बरस तू जल्दी आ' के जयकारे गूंज उठे।

### विभिन्न स्थानों पर हुआ विसर्जन

इस दौरान,भक्त छोटे-बड़े वाहनों में गणेश प्रतिमाओं को लेकर भजन-संगीत के साथ नाचते-गाते हुए विसर्जन स्थलों तक पहुंचे। शहर के विभिन्न हिस्सों में बनाए गए विसर्जन कुंडों में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। ट्रांसपोर्ट नगर तालाब,माधवगढ़ नदी और बिरसिंहपुर के ऐझी विसर्जन कुंड जैसे स्थानों पर प्रशासन ने विशेष व्यवस्थाएं की थीं। चित्रकूट के चिल्ला घाट पर भी विसर्जन की व्यवस्था का जायजा लिया गया।



### प्रशासन और पुलिस की रही कड़ी व्यवस्था

विसर्जन के दौरान सुरक्षा और व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल पूरी तरह मुस्तैद रहा। नगर पुलिस अधीक्षक कार्यालय परिसर में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ.शिवेश सिंह बघेल ने पुलिस कर्मियों को ब्रीफ कर ड्यूटी पर रवाना किया। इस दौरान सीएसपी देवेंद्र प्रताप सिंह चौहान,कोतवाली टीआई रावेन्द्र द्विवेदी,कोलगवां टीआई सुदीप सोनी,सिविल लाइन टीआई योगेंद्र सिंह परिहार और ट्रैफिक टीआई पंकज शुक्ला भी मौजूद रहे। अतिरिक्त एसपी शिवेश सिंह बघेल और सीएसपी देवेंद्र प्रताप सिंह ने माधवगढ़ नदी और अन्य विसर्जन स्थलों का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश भी दिए।

### धनवानी परिवार ने नम आंखों से दी विदाई

धनवानी परिवार ने भी अपने घर पर स्थापित गणपति जी की प्रतिमा का धूमधाम से विसर्जन किया। परिवार ने बताया कि 11 दिनों तक चली सामूहिक आरती,भोग और प्रसाद वितरण के बाद,उन्हें ऐसा लगा मानो भगवान कल ही घर आए थे। भरे मन और नम आंखों से उन्होंने गणपति जी को विदाई दी। परिवार ने बताया कि वे पिछले 10 साल से सुभाष पार्क स्थित अपने घर पर गणपति जी की पूजा करते आ रहे हैं और इस दौरान उन्हें असीम आनंद की अनुभूति होती है। विसर्जन के दौरान परिवार के सभी सदस्य और रिश्तेदार मौजूद रहे।

## एकेएस और इंस्टिट्यूट ऑफ़ फार्मास्यूटिकल एजुकेशन पुणे के बीच अकादमिक एवं शोध सहयोग हेतु समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित



**सतना।** एकेएस विश्वविद्यालय,सतना ने इंस्टिट्यूट ऑफ़ फार्मास्यूटिकल एजुकेशन एंड रिसर्च प्रा. लि.पुणे के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। यह पहल फार्मास्यूटिकल शिक्षा,अनुसंधान और पेशेवर प्रशिक्षण को राष्ट्रीय स्तर पर सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस एमओयू पर विश्वविद्यालय की ओर से प्रो-चांसलर अनंत कुमार सोनी एवं डीन,फैकल्टी ऑफ़ फार्मास्यूटिकल साइंसेज़ एंड टेक्नोलॉजी,डॉ.सूर्य प्रकाश गुप्ता ने हस्ताक्षर किए। वहीं इंस्टिट्यूट ऑफ़ फार्मास्यूटिकल एजुकेशन एंड रिसर्च प्रा.लि.,पुणे की ओर से डायरेक्टर डॉ.महेश बुरांडे और सीईओ समीर बुरांडे ने समझौते पर हस्ताक्षर किए। राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप संयुक्त सर्टिफिकेट प्रोग्राम्स का संचालन होगा। वेबिनार,कार्यशालाएँ और विशेषज्ञ व्याख्यान आयोजित कर विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों को फार्मेसी शिक्षा और उद्योग की नवीनतम प्रवृत्तियों से जोड़ना।अनुसंधान एवं नवाचार साझेदारी को सुदृढ़ बनाना,जिससे नई औषधीय खोज,तकनीकी हस्तांतरण और कौशलविकास के अवसर उपलब्ध हों। यह सहयोग विद्यार्थियों को शैक्षणिक उत्कृष्टता और व्यावसायिक दक्षता दोनों का अनुभव प्रदान करेगा। दोनों संस्थानों के प्रतिनिधियों ने इस एमओयू को ज्ञान विनिमय और अकादमिक नवाचार का एक सशक्त मंच बताया,जो विद्यार्थियों को अग्रणी विश्वविद्यालयों के अवसरों के समकक्ष अनुभव प्रदान करेगा। इस साझेदारी के माध्यम से एकेएस विश्वविद्यालय और फार्मास्यूटिकल साइंसेज़,शिक्षा और अनुप्रयुक्त अनुसंधान के क्षेत्र में विमर्श को गति देंगे और भविष्य के स्वास्थ्य एवं फार्मेसी नेतृत्व को तैयार करने में योगदान देंगे।

## अनुपमा हायर सेकंडरी स्कूल में धूमधाम से मनाया गया शिक्षक दिवस

**सतना।** अनुपमा हायर सेकेंडरी स्कूल में हर साल की तरह इस साल भी शिक्षक दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती और डॉ.सर्वपल्ली राधाकृष्णन की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर और माल्यार्पण करके हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत में छात्रों ने सरस्वती वंदना और गुरु वंदना प्रस्तुत की। इसके बाद छात्रों ने शिक्षकों को सम्मानित किया और उनके महत्व पर प्रकाश डालते हुए भावपूर्ण गीत और कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कुछ छात्रों ने प्रशासनिक अधिकारी,सलाहकार, प्राचार्य और शिक्षक की भूमिका निभाई,जिसे खूब सराहा गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि संस्थान की सचिव डॉ.शैला तिवारी ने छात्रों द्वारा आयोजित कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि गुरु और ईश्वर में गुरु ही श्रेष्ठ होते हैं। उन्होंने छात्रों को भविष्य के लिए शुभकामनाएं भी दीं। संस्थान के संचालक और विशिष्ट अतिथि डॉ.प्रमोद तिवारी ने छात्रों का उत्साहवर्धन किया और शिक्षकों का आभार व्यक्त किया,जो समर्पण की भावना से संस्थान के लिए काम कर रहे हैं। इस अवसर पर,100 प्रतिशत परीक्षा परिणाम देने वाले शिक्षकों को श्रीफल,शॉल और उपहार देकर सम्मानित किया गया। साथ ही,नर्सरी से लेकर हॉयर स्टाफ तक के सभी सदस्यों को मुख्य अतिथि द्वारा उपहार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में,प्राचार्य पीयूष पांडे ने छात्रों और आए हुए अतिथियों का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी वाई.के.सिन्हा, सलाहकार आर. ए. सिंह और समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## श्री रावतपुरा सरकार ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स, चित्रकूट द्वारा क्षेत्रीय शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन

**सतना।** शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में श्री रावतपुरा सरकार लोक कल्याण ट्रस्ट,चित्रकूट में एक क्षेत्रीय शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय,सतना के इंजीनियरिंग विभाग के प्रोफेसर अश्वनी दुग्गल थे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य निदेशक रामपाल कौरव और मुख्य अतिथि द्वारा मां सरस्वती और डॉ.सर्वपल्ली राधा कृष्णन की प्रतिमाओं पर दीप प्रज्वलित कर और माल्यार्पण करके किया गया। इसके बाद,मुख्य निदेशक ने पुष्पगुच्छ,स्मृति चिन्ह,शॉल और श्रीफल भेंट कर मुख्य अतिथि का स्वागत और सम्मान किया। अपने संबोधन में,मुख्य अतिथि प्रोफेसर अश्वनी दुग्गल ने सभी को शिक्षक दिवस की शुभ कामनाएं दीं। उन्होंने डॉ.सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवन पर प्रकाश



डाला और बताया कि कैसे उन्होंने बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के छात्र से भारत के पूर्व राष्ट्रपति तक का सफर तय किया। उन्होंने शिक्षकों से अपने विद्यार्थियों को अच्छे चरित्र और व्यवहार के लिए प्रेरित करने का आग्रह किया,जिससे समाज में सम्मान और एक अच्छा वातावरण बन सके।इस समारोह में,संस्था के सभी संकायों के शिक्षकों को शॉल और श्रीफल देकर सम्मानित किया गया।फार्मेसी,एम.एड.,बी.एड.,डी.एल.एड.और संस्कृत विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने भाषण,कविता और नृत्य जैसी मनमोहक प्रस्तुतियां दीं।संस्था के निदेशक ने सभी गुरुजनों और परमपूज्य महाराज श्री को नमन करते हुए बताया कि महाराज श्री ने शिक्षा, स्वास्थ्य,पर्यावरण और ग्रामीण स्वावलंबन के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य किए हैं। उन्होंने डॉ.सर्वपल्ली राधाकृष्णन को भारतीय संस्कृति का संवाहक,प्रख्यात शिक्षाविद,महान दार्शनिक और आस्थावान हिन्दू विचारक बताया। उन्होंने भारत सरकार द्वारा शिक्षक दिवस 2025 की थीम अगली पीढ़ी के शिक्षार्थियों के लिए प्रेरणा पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यह थीम न केवल शैक्षणिक ज्ञान पर, बल्कि रचनात्मकता, आत्मविश्वास और आलोचनात्मक सोच को आकार देने में शिक्षकों की भूमिका पर भी जोर देती है। उन्होंने यह भी कहा कि शिक्षक ही हमारे जीवन से अज्ञानता के अंधकार को दूर कर ज्ञान का प्रकाश भरते हैं। अंत में,उन्होंने सभी शिक्षकों को बधाई देते हुए आभार व्यक्त किया और कार्यक्रम का समापन किया। कार्यक्रम का संचालन सहायक प्रवक्ता श्रीमती सपना चौबे और शिवेंद्र जी ने किया। इस अवसर पर बी. फार्मा, डी.फार्मा, एम.एड.,बी.एड.,डी.एल.एड. और संस्कृत विद्यालय के सभी शिक्षक,छात्र और संस्था के कर्मचारी उपस्थित रहे।

# स्व. पंडित केशवराम डनायक स्मृति शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन देगा जिले में शिक्षकों को लेकर नई दिशा

**मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री पन्ना विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह व विशिष्ट अतिथि नपा अध्यक्ष श्रीमती मीना पाण्डेय**

यह सोच कहीं न कहीं हमारे जिले में शिक्षकों के सम्मान को लेकर सदैव आगे के लिए जानी जायेगीं आखिर शिक्षक ही कहीं न कहीं तरह-तरह की चुनौतियां स्वीकार करते हुए स्वयं जलकर मोमबत्ती की तरह दूसरों को उजाले का मार्ग प्रशस्त करते हैं।

पन्ना।

षिक्षक के द्वारा षिक्षा के माध्यम से विकास जीवन रूपी नौका में पार होने के साथ-साथ समाज व देष के निर्माण में योगदान देने के लिए लायकवर दिषा मिलने से स्वयं व्यक्तित्व को लेकर आज की पीढ़ी कल के भविष्य के निर्माता के रूप में जानी जाती है। यही तो षिक्षक सम्मान से ही हमारी संस्कृति प्राचीन समय से ही जानी जाती है। गुरूओं की कृपा से ही हम सदैव इतिहास साक्षी है। अनुकर्णीय बनकर समूचे राष्ट्र में जाने जाते है।

षिक्षक (गुरूओं) का सम्मान कहीं न कहीं हमारी संस्कृति को प्राचीन समय से इतिहास के रूप में हमारे लिए दिषा प्रदान करते है। आज 7 सितम्बर को जहां लवकुष वाटिका में षिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन स्व. पंडित केषवराम डनायक जी की स्मृति में यह दिषा एक नई सोच को लेकर सामने आई है। षिक्षक हमारे समाज को दिषा प्रदान करते है। यहां एक बार फिर दिषा प्रदान करने को लेकर सदैव साक्षी होगा यह आयोजन गुरूओं व षिक्षकों के सम्मान से हमारी संस्कृति समूचे विष्व में प्रख्यात है। गुरूओं की षिक्षा से ही सफलता का मार्ग मिलता है। गुरूओं की कृपा से जहां सभी को दिषा मिली है। आज भी यह हमारी संस्कृति से कहीं न कहीं हमें उदाहरण के तौर पर जो देखने व सुनने को मिला उसी से हम प्रेरणा लेकर अपने षिक्षकों व गुरूओं



के सम्मान को लेकर कुछ कर गुजरने की दिषा तय कर रहे है। वैसे तो षिक्षक सम्मान आखिरकार कहीं न कहीं जो चारो तरफ से चुनौतियों से घिरे हुए हालात को लेकर वर्तमान समय में जाने जाते है। षिक्षक जहां परिवार के साथ-साथ सैकड़ो व हजारों की संख्या वाले छात्र-छात्राओं के भविष्य निर्माण को लेकर जिम्मेदार तय होती है। विषय से लेकर विद्यालय व तहसील जिला व प्रदेष व देष में षिक्षा के माध्यम से जहां आज के छात्रों के जीवन को संवारते हुए कल के देष के निर्माण के लिए आज का भविष्य जो भावी समय में जाना जायेगा। ऐसे चुनौती भरे दायित्व को लेकर षिक्षकों की जिम्मेदारी जानी जाती है। उसमें भी तरह-तरह से मॉनीटरिंग करने वाले लोग जहां षिक्षकों की ओर कमी को ध्यान में रखकर उन्हें अपनी सोच से कहीं न कहीं कई बार अपमान भरी दिषा से घूंट पीना पड़ जाते है। फिर भी षिक्षक है जो ऐसी जगहों में हमारे भविष्य को संवार रहे है जहां कहीं मार्ग नहीं तो कहीं विद्युत नही तो कहीं आज भी पेयजल या रनिंग वाटर जैसी समस्यायें किसी से छिपी नहीं है। जो वातानुकूलित कार्यालयों में बैठकर उन विद्यालयों में पहुंचकर कभी कभार षिक्षकों के ऊपर कमी देखकर अपने फरमान जारी करते है। क्या कभी यह भी सोचा जाता है कि विद्यालयों व छात्राओं से जुड़ी हुई दास्ताओं से षिक्षक कैसी विषम परिस्थितियो में भी पहुंचकर आज भी षिक्षा के माध्यम से जहां विकास का आधार तय करते हुए जीवन के भविष्य को संवारते हुए राष्ट्र के निर्माण में योगदान निभाने के लिए पीढ़ियों को छात्र-छात्राओ के रूप में तरास रहे है। यही आज का भविष्य कल के राष्ट्र के निर्माण में विभिन्न क्षेत्रों में योगदान देकर विष्व में हमारे देष को राष्ट्र गुरू जैसे सम्मान से नवाजा जाने के लिए दिषा तय हो रही है आखिर हम ऐसे षिक्षकों को शत-षत नमन करते हुए उनकी विद्या से मां सरस्वती की कृपा से सदैव उनके लिए हमारे मन में सम्मान रूपी मान बना रहे जो आज हमारे जिला मुख्यालय लवकुष वाटिका में स्वं. पंडित केषवराम डनायक की स्मृति में यह आयोजन हो रहा है। कहीं न कहीं इसके पीछे षिक्षक परिवार ही माना जा रहा है। जिनके पुत्र रविषंकर डिनायक जो स्वयं एक षिक्षक है अतः परिवार में यह जो सोच रखी है वह सदैव के लिए मार्ग प्रषस्त करते हुए दिषा देने के लिए जानी जायेगी।

## खबर संक्षेप

### शाहनगर में ईद मिलाद-उन-नबी का भव्य जुलूस गूंजे नारे और दिखाई दी गंगा-जमुनी तहज़ीब



**शाहनगर।** ईद-ए-मिलाद-उन-नबी के पावन अवसर पर शाहनगर नगर में शुक्रवार को मुस्लिम समुदाय के धर्मप्रेमियों द्वारा एक भव्य जुलूस निकाला गया। इस जुलूस में बड़ी संख्या में बच्चे, युवा और बुजुर्ग शामिल हुए। सभी के चेहरे पर हर्ष और उल्लास साफ झलक रहा था। जगह-जगह स्वागत द्वार सजाए गए थे, जिन पर पुष्प वर्षा कर जुलूस का स्वागत किया गया। जुलूस की शुरुआत सुबह मस्जिद से की गई, जिसके बाद यह नगर की मुख्य सड़कों और गलियों से होते हुए विभिन्न मार्गों से गुज़रा। इस दौरान धार्मिक झंडे, तिरंगे और हरे झंडों की शोभा देखते ही बनती थी। बच्चों में खासा उत्साह देखने को मिला, वहीं युवा ढोल और डीजे की धुन पर झूमते नज़र आए। जुलूस के मार्ग में जगह-जगह लंगर और जलपान की व्यवस्था की गई थी। शाहनगर पेट्रोल पंप के समीप विशेष रूप से सभी जुलूस में शामिल लोगों के लिए चाय-नाश्ते की व्यवस्था की गई, जहाँ पर लोगों ने मिलजुलकर नाश्ता किया और एक-दूसरे को ईद मिलाद की बधाई दी। शामिल लोगों ने एक दूसरे से गले मिलकर मुबारकबाद दी और मोहम्मद साहब के बताए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया। कई स्थानों पर आतिशबाजी भी की गई, जिससे पूरे नगर का माहौल उत्सवी और रौशन हो गया। इस मौके पर समुदाय के वरिष्ठ जनों ने कहा कि ईद-ए-मिलाद केवल उत्सव का अवसर ही नहीं, बल्कि इंसानियत, भाईचारे और अमन-शांति का संदेश लेकर आता है। पूरे दिन नगर की फिज़ा ष्या नबी सलाम अलेकुमष और ष्सरवर-ए-कायनात जिन्दाबादष जैसे नारों से गूंजती रही। जुलूस के समापन के बाद सामूहिक दुआएं की गईं और देश व समाज की तरक्की की कामना की गई।

### शिक्षक दिवस की पूर्व संध्या पर जनपद शिक्षा केन्द्र पन्ना में हुआ वृक्षारोपण एवं शिक्षक सम्मान कार्यक्रम



**पन्ना-** शिक्षक दिवस की पूर्व संध्या पर जनपद शिक्षा केन्द्र पन्ना मे बी.आर.सी.सी. डॉ० कविता त्रिवेदी की अनूठी पहल पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें विकास खण्ड के अकादमिक समन्वयक, जन शिक्षकों एवं कार्यालीन कर्मचारियों द्वारा एक पेड़ माँ के नाम के तहत वृक्षा रोपण किया गया जिसमें नीम, आम, कटहल, बेल, अशोक आदि पेड़ लगाए गए एवं उनकी देखभाल का जिम्मा लिया गया। ततपश्चात डॉ० कविता त्रिवेदी द्वारा शिक्षक दिवस को दृष्टिगत रखते हुए सभी विकासखंड एकादमिक समन्यवयक एवं जनशिक्षको का सम्मान किया। यह कार्यक्रम पन्ना जनपद शिक्षा केन्द्र में पहली बार आयोजित कराया गया। जिससे जन शिक्षकों में उत्साह एवं खुशी की लहर देखी गई कार्यक्रम मे मुख्य रूप मे बी.आर.सी.सी. डॉक्टर कविता त्रिवेदी, विकासखण्ड अकादमिक समन्वयक रवि डनायक, देवेश शर्मा, श्रीमती ज्योति सक्सेना, श्रीमती ज्योति शर्मा, मनीष दुबे, एवं जन शिक्षक राकेश मिश्रा, अम्बुज श्रीवास्तव, श्रीमती समिता जैन, श्रीमती बंदना रिछारिया, श्रीमती साधना जैन, दीपक रैकवार, नासिर अली, साक्षरता समन्वयक विजय मिश्रा, के अलावा लेखापाल अशोक चनपुरिया इरफान खान एवं सलीम खान, विमला सिंह, उपस्थित रहे। कार्यक्रम में डॉ० कविता त्रिवेदी ने अपने उदबोदन में जन शिक्षकों द्वारा विभिन्न संचालित योजनाओं पर की जा रही मेहनत की प्रशंसा करते हुए उनके उज्जल भविष्य की कामना की। इसी क्रम में बी.ए.सी. रवि डनायक ने भी सभी को शिक्षक दिवस की शुभकामनायें प्रेषित की।

## पेड़ से लटकी मिली लड़का लड़की की लाश

### घटना की जानकारी लगने के बाद क्षेत्र में फैली सनसनी



**अपनी बहन के यहां रह रहा था लड़का, बहन की नंद के साथ पेड़ से लटका मिला यवक**

**एक दुपट्टे के सहारे लड़का एवं लड़की की लटकी मिली लाश क्षेत्र में प्रेम प्रसंग को लेकर चर्चा तेज**

**सिमरिया।** पन्ना जिले के सिमरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले छोटी माहोड ग्राम में एक सनसनी खेज वारदात सामने आई है जिसने पूरे क्षेत्र में सनसनी फैला दी है दरअसल छोटी महोड गांव के बाहर एक पेड़ से एक दुपट्टे के सहारे एक लड़का एवं लड़की की लाश लटकी मिली। प्राप्त जानकारी के अनुसार यह घटनाक्रम 5 सितंबर का बताया जा रहा है। जहां 5 सितंबर की दोपहर 3:00 युवक और युवती की लाश पेड़ से लटकी मिली पुलिस थाना सिमरिया से मिली जानकारी के अनुसार मृतक लड़की का नाम निराशा दहायत निवासी छोटी माहौड एवं मृतक युवक का नाम रमेश दहायत भडपुरा चौकी हरिदुआ बताया गया लड़का अपनी बहन के यहां महोड़ में रहता था और जेके कंपनी में काम करता था क्षेत्र में यह जन चर्चा तेज है कि दोनों ने दुपट्टे के सहारे फांसी लगाई है और एक ही दुपट्टे से दोनों की लास लटकी मिली है जिसे कहीं ना कहीं प्रेम प्रसंग का मामला प्रतीत हो रहा है जबकि परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है और मामले को लेकर उन्होंने हत्या की आशंका जाताई है पूरे घटनाक्रम की जानकारी जैसे ही सिमरिया पुलिस को लगी तो पुलिस ने दोनों सबों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाया।

**गुरु वह है जो हमें गौरव प्रदान करें, ब्रह्माकुमारी मूल्य निष्ठ शिक्षा जीवन को सही दिशा देते हैं**

## आध्यात्मिक शिक्षा से होता है विवेक जागृत, ब्रह्माकुमारी

पन्ना।



प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय पन्ना की ओर से शिक्षक दिवस के अवसर पर पवई ब्रह्माकुमारी विद्यालय में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ब्रह्माकुमारी बहन ने सभी को शिक्षक दिवस की शुभकामना देते हुए आज के महत्व पर प्रकाश डाला आपने कहा गुरु का अर्थ जो हमें गौरव प्रदान करें टीचर हमारी दूसरी मां है, जीवन में उत्तम विचार भरने वाला उत्तम संकल्पों के साथ जीना सिखाने वाला अध्यापक ही हो सकता है इसलिए इंजीनियर कितने भी पैसे कमा सकते परंतु किसी का भाग खोलने का कार्य तो शिक्षक ही कर सकता है ष्आचार्य देवो भवष कहा गया है कभी कलेक्टर देवो भव, डॉक्टर देवो भवरू नहीं कहा गया क्योंकि आचार्य अपने आचरण से जीवन मूल्य देता है। शिक्षा से व्यक्ति के व्यवहार में परिवर्तन होता है अंग्रेजी में कहते हैं ष्कैरक्टर बिल्डिंगष जैसे बिल्डिंग बनानी होती है उसके लिए साधन चाहिए इस प्रकार विद्यार्थी को भी दो चीज देते हैं एक साधन है किताबें दूसरा साधन है उनका अभ्यास कर्म दोनों चीजें सैकड़ो वर्षों से हैं परंतु यह कमजोर साधन निकले बिल्डिंग नहीं बनी आज हजारों साक्षर निकलते हैं बताइए मात-पिता, देश, समाज के लिए कितने ईमानदार हैं? आप सभी के लिए यह परम सौभाग्य की बात है कि सर्व मनुष्य आत्माओं के परम शिक्षक ज्योति बिंदु परमात्मा शिव इस धरा पर साधारण मनुष्य के तन में अवतरित होकर श्रेष्ठ ज्ञान और मूल्यों की शिक्षा दे रहे हैं परम शिक्षक द्वारा वर्तमान समय में दिया जा रहा आध्यात्मिक ज्ञान मनुष्य की अंतर आत्मा में व्याप्त अज्ञानता के अंधकार को समाप्त करके आंतरिक रूप से सशक्त करने में समर्थ है, हमारे जीवन में यथार्थ ज्ञान के अभाव में सभी समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं परमात्मा द्वारा दिया जा रहा मूल्य शिक्षा और आध्यात्मिक ज्ञान हम सभी के लिए इस धरा पर अनुपम उपहार है आध्यात्मिक शिक्षा व्यक्ति को प्रभावशाली और मूल्य निष्ठ बनाती है जिससे वह एक कर्तव्यनिष्ठ बनकर समाज एवं राष्ट्र के उत्थान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने में सक्षम होता है। कार्यक्रम में उपस्थित श्री हजारीलाल पटेल प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टाँई, रघुवीर तिवारी बीएसी जनपद शिक्षा केंद्र पवई, रामसेवक सिंह प्राचार्य शासकीय हाई स्कूल मुराछ एवं अनेक गण शिक्षक उपस्थित रहे सभी ने कार्यक्रम की सराहना की एवं अपने-अपने विचार भी रखें, सभी को ईश्वरीय सौगात एवं साहित्य सप्रेम भेंट द्वारा सम्मान किया गया।

## शानो शौकत से निकाला गया अजयगढ़ में जश्ने ईद मिलादुन्नवी का जलसा, जगह-जगह वितरित हुआ लंगर





काबा शरीफ,मदीना शरीफ ,मस्जिदे अक्सा मक़ामे इब्राहीमी व ख्वाजा गरीब नवाज का रोजा ने जलसे को बक्सी रौनक

अजयगढ

मुस्लिमो के द्वारा 12 रविउल अव्वल को हुजूर पाक मोहम्मद सल्लललाहो अलैहि वसल्लम की यौमें पैदाइस के अवसर पर जश्न मनाते हुए नगर में जसला निकाल कर खुसिया मानते है इसी के तहत आज जश्ने ईद मिलादुन्नवी का जलसा अजयगढ़ में अपनी शानो शौकत से निकाला गया । पहले शांति नगर से जलसा व जामा मस्जिद से इसके उपरांत नूरी मस्जिद से जलसा बड़ी दरगाह पहुंचा हजरत रमजान शाह बाबा की बारगाह में सलाम अर्ज कर मुख्य जलसे का आगाज जामा मस्जिद से हुआ जो पुराना बस स्टैंड से बुद्धू चौराहा से तहसील से खोय मोहल्ला पहुंचा। फिर बाद नमाज मगरिब नूरी से सिकलीगर मोहल्ला से पैलेस रोड पुराना बस स्टैंड होते हुए हजरत रमजान शाह की बाबा की मजार में समाप्त हुआ जगह जगह लंगर तकसीम किया गया। जलसा में ड्रोन के द्वारा फूलों को बरसाया गया। इस दौरान मुफ़्ती तालिब रजा साहब मस्जिद इमाम हारून रजा साहब हाफिज रऊफ साहब, हाफिज फहीम खान मौलाना मोहब्बत खान व तालिबे इल्म युवाओं ने हुजूर पाक सल्लललाहो अलैहि वसल्लम की तारीफ में नात पाक पड़कर जश्न मनाया उक्त जलसे में काबा शरीफ,मदीना शरीफ मस्जिदे अक्सा ,मक़ामे इब्राहीमी व ख्वाजा गरीब नवाज के रोजा सहित मौला अली की तलवार का अक्स ने जलसे को रौनक बक्सी उक्त कार्यक्रम बाबा की मजार में चादर पोसी करते हुए नवी की शान में कसीदे पड़ते हुए फातेहा उपरांत आलमे इस्लाम व देश मे अमन चौन आपसी भाईचारा की दुआ मांगी गई जलसे का समापन लंगर वितरित उपरांत पूरा हुआ। सदर मोहम्मद नसीर व जलसा अध्यक्ष शकील बेग के द्वारा उक्त जलसे को कामयाब बनाने बाले अजयगढ के तमाम लोगो सहित शासन प्रशासन का शुक्रिया अदा किया। इस दौरान कार्यक्रम में तहसीलदार सुरेन्द्र कुमार नायब तहसीलदार डीआर अहिरवार थाना प्रभारी बखत सिंह चौकी प्रभारी रवि सिंह जादोंन सहित राजस्व व पुलिस विभाग का अमला उपस्थित रहा।



## दस लक्षण पर्युषण महापर्व पर जिनेन्द्र भगवान का 108 कलशों से अभिषेक



**पन्ना।** अनन्त चतुर्दशी से प्रारंभ हुए दस दिवसीय दस लक्षण पर्यूषण महापर्व के दसवैं दिन दिगंबर जैन मंदिर पवई प्रांगण में 1008 श्री जिनेंद्र प्रतिमा पार्श्वनाथ भगवान का जल चन्दन एवं 108 कलशों से सुनील कुमार जैन ,संदीप कुमार जैन ,संजय कुमार जैन ,रविन्द्र कुमार जैन संजय जैन, आशीष जैन ,मनु जैन के द्वारा विधि विधान के साथ अभिषेक किया गया। बृहद शांति धारा महेन्द्र कुमार जैन ,सि0 प्रकाश चन्द्र जैन एवं जैन समाज द्वारा भक्ति भाव के साथ की गई। पिछले दस दिनों मे प्रति दिन दस धर्म उत्तम क्षमा, मार्दव, आर्जव , सत्य, उत्तम, संयम, तप, त्याग, आकिंचन, उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म की पूजा और आराधना जैन समाज के श्रावको द्वारा त्याग तपस्या साधना व्रत उपवास करते हुये भक्ति भाव पूर्वक स्व आत्मा के शुद्धीकरण हेतु एकासन एवं उपवास किए गए आज शनिवार को श्रीजी की शोभायात्रा निकाली जायेगी समापन पश्चात मंदिर परिसर मे धार्मिक आयोजन किए जायेगे

## गणेश विसर्जन बडे.ही उत्साह के साथ हुआ सम्पन्न



**पन्ना।** ज्गह-जगह गणेष भवगान की प्रतिमाओं को लेकर विसर्जन के लिए जुलूस के साथ उमंग उत्साह गुलाल से ही कहीं न कहीं विग्घ्नहर्ता भगवान गणेष के विसर्जन की रही धूम बुद्धि के देवता वहीं विग्घ्नहर्ता भगवान गणेष जी की प्रतिमाओं का विसर्जन दिन शनिवार को बड़े उत्साह से समूचे नगर में नजर आया। वहीं समाचार लिखे जाने तक कस्बों व गांवों तक से कहीं गणपति बप्पा मोरया के नारों की गूंज से जुलूस के रूप में उत्साह के साथ गुलालों के रंग से ही ज हां उमंग देखते ही बनती थी। ऐसे हमारे प्रथम पूज्य देवता भगवान गणेष की प्रतिमाओं का विसर्जन नजर आया। आखिर बुद्धि के देवता विग्घ्नहर्ता वहीं प्रथम पूज्य भगवान गणेष की पूजा-अर्चना के बाद विसर्जन को लेकर आज शनिवार को रही धूम।

## मोहसिन खान वक्फ बादशाह साई ईदगाह कमेटी के बने अध्यक्ष भाजपा जिला अध्यक्ष ने दी शुभकामनाएँ

पन्ना।



मुख्यकार्यपालन अधिकारी म.प्र वक्फ बार्ड भोपाल द्वारा वक्फ बादशाह साई ईदगाह प्रबंध कमेटी बेनीसागर पन्ना कि कमेटी का गठन किया गया है जिसमें अध्यक्ष मोहसिन खान निवासी बेनीसागर मो. पन्ना को नियुक्त किया गया है। श्री मोहसिन खान कि नियुक्ति पर भा.ज.पा जिला अध्यक्ष ने हर्ष व्यक्त किया है साथ ही शुभकामनाएँ दी है देश वा समाज के लिए वक्फ बोर्ड के नियमानुसार काम करे ।श्री मोहसिन खान कि नियुक्ति पर अल्पसख्यक मोर्चा पदाधिकारियों ने शुभकामनाएँ एवं बधाई दी भा.ज.मा कार्यालय में बधाई देते समय उपस्थित रहे ,पूर्व राष्ट्रीय कार्यकरणी सदरय भा.ज.पा अल्पसंख्यक मोर्चा के वरिष्ठ नेता श्री निजाम खान मिस्टर खान पिछडा वर्ग मोर्चा के अध्यक्ष नरेन्द्र यादव, मृगेंद्र गहरवार, एड. श्रीमति आशा खरे ने बधाई दी इस अवसर ने मोहसिन खान ने कहा कि में एक युवा हूँ संगठन ने मेरे ऊपर विश्वास करके ही मुझे ये जिम्मेदारी दी है. में समाज के लोगों को विश्वास दिलाता हूँ कि में समाज के हित में ही कार्य करूँगा साथ ही खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा, पन्ना विधायक बृजेंद्र दाऊसाब गुनौर विधायक राजेश वर्मा पवई विधायक प्रहलाद लोधी वक्फ बोर्ड प्रदेश अध्यक्ष डॉ सनवर पटेल कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त ,जिला अध्यक्ष भा.ज.पा बृजेन्द्र मिश्रा भा.ज.पा के प्रदेश सह. मीडिया प्रभारी एड. आशीष तिवारी चक्फ बोर्ड के जिलाअध्यक्ष अब्दुल हमीद के प्रति आभार व्यक्त किया।

## खबर संक्षेप

### आर्य समाज महाराजपुर में लगेगा निःशुल्क सर्वरोग निवारण शिविर

**महाराजपुर**। आर्य समाज महाराजपुर में रविवार को प्रातः 10 बजे से सर्व रोग निवारण शिविर लगने जा रहा है जिसमें कई प्रकार की बीमारियों की जांचें एवं इलाज यथार्थ मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल झांसी के सुयोग्य डॉक्टरों की टीम द्वारा किया जाएगा। शिविर पूर्णतः निशुल्क रखा गया है जिसमें सभी प्रकार के रोगों की जांच एवं दवाइयां निःशुल्क वितरित की जाएंगी। शिविर में रोगियों की जांच प्रातः 10 बजे से प्रारंभ हो जाएंगी जो सायंकाल 4 बजे तक चलेंगी। जो भी रोगी मरीज गंभीर बीमारी से पीड़ित है या जिन्हें इलाज की आवश्यकता है वे रविवार को प्रातः 10 बजे आर्य समाज महाराजपुर पहुंचकर अपना इलाज निःशुल्क करवा सकते हैं। शिविर में पंजीयन हेतु प्रत्येक मरीज को अपना आधार कार्ड लाना अनिवार्य है। यथार्थ हॉस्पिटल झांसी के मार्केटिंग डायरेक्टर अरुण कुमार पांडे द्वारा बताया गया कि आर्य समाज महाराजपुर में इस शिविर को लगाने का मुख्य उद्देश्य गरीब और असहाय लोगों का निःशुल्क इलाज कर पीड़ित मानवता की मदद करना है। इसके अलावा जो लोग गंभीर बीमारी से पीड़ित है यदि समय रहते रोगी की गम्भीर बीमारी का पता लगा लिया जाए तो व्यक्ति की जान को बचाया जा सकता है। आर्य समाज महाराजपुर के प्रधान उमेश आर्य ने नागरिकों एवं ग्रामीणों से अपील की है कि अधिक से अधिक रोगियों को इलाज करवाने हेतु इस शिविर में सम्मिलित कराकर मानवता के इस कार्य मे सहयोग प्रदान करें।

### संकट की घड़ी में सरकार किसानों के साथः मुख्यमंत्री डॉ यादव

**छतरपुर जिले के 328 हितग्राही हुए लाभान्वित, 20 लाख रु. से अधिक की राशि का हुआ अंतरण**



**छतरपुर**। प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शनिवार को समत्व भवन भोपाल से सिंगल क्लिक के माध्यम से प्रदेश के 11 जिलों में प्राकृतिक आपदा से प्रभावित 17,500 से अधिक किसानों के खाते में सिंगल क्लिक के माध्यम से लगभग 20 करोड़ रुपए की प्राकृतिक आपदा से जुड़ी राहत राशि हितग्राहियों के बैंक खातों में अंतरित की। जिसमें फसल क्षति शामिल है। इस कार्यक्रम से छतरपुर जिले से वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से एनआईसी कक्ष से कलेक्टर पार्थ जैसवाल, एडीएम मिलिंद नागदेवे, सहायक कलेक्टर आशीष पाटिल, संयुक्त कलेक्टर बलवीर रमन सहित सम्बंधित अधिकारी एवं हितग्राही जुड़े रहे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने छतरपुर जिले में बाढ़ एवं अतिवृष्टि से प्रभावित हितग्राहियों जिनकी फसल क्षति के 328 हितग्राहियों के बैंक खातों में 20 लाख 65 हजार 540 रुपए की राहत राशि का सिंगल क्लिक के माध्यम से अंतरण किया। जिसमें छतरपुर नगर के 150 हितग्राहियों को 9 लाख 64 हजार 920, छतरपुर ग्रामीण में 74 हितग्राहियों को 6 लाख 35 हजार 620 एवं बिजावर क्षेत्र में 104 किसानों को 4 लाख 65 हजार रुपए की राशि शामिल है। इस अवसर मुख्यमंत्री डॉ यादव ने विभिन्न जिलों के हितग्राहियों से बात कर हालचाल जाना और हर संभव सहयोग प्रदान करने की बात कही। उन्होंने कहा कि जिले के किसानों से बात कर कहा कि संकट की घड़ी में सरकार हर संभव मदद के लिए उनके साथ खड़ी है।

### राजनगर तालाब में विसर्जन पूर्णतः प्रतिबंधित

**दमोह** । कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने पर्यावरण सुरक्षा, जलस्रोत संरक्षण एवं नागरिकों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए राजनगर तालाब में गणेश प्रतिमाओं एवं पूजा-अर्चन सामग्री का विसर्जन पूर्णतः प्रतिबंधित किया हैं। यह प्रतिबंध आगामी अनंत चतुर्दशी एवं सभी अन्य धार्मिक अवसरों पर लागू होगा। उन्होंने कहा इस आदेश का उल्लंघन करने वालो पर विधि अनुसार कार्रवाई की जाएगी, जिसमें जुर्माना एवं अन्य दंड शामिल हो सकते हैं।

## अगले बरस आने का वादा कर विदा हुए गजानन

# 10 दिनों तक गणेशोत्सव की रही धूम, जलस्त्रोतों में विसर्जित हुए गणपति

छतरपुर।

गणेश चतुर्थी के साथ 10 दिवसीय गणेशोत्सव की शुरूआत हुई थी। अनंत चर्तुदशी को पूरे भक्तिभाव के साथ भगवान गजानन विदा हुए लेकिन अगले बरस फिर आने का वादा किया। जलस्त्रोतों में भगवान गणेश की मूर्तियां विसर्जित की गईं। विसर्जन के दौरान लोगों की आंखें डबडबायीं नजर आईं।

सुबह से ही विधिविधान के साथ हवन-पूजन और आरती का सिलसिला शुरू हुआ। मौका था प्रथम पूज्य भगवान गणेश को विसर्जित करने का। 10 दिनों तक भगवान गजानन की पूजा अर्चना भक्तिभाव के साथ की गई। गणेशोत्सव के अवसर पर हर गली मोहल्ले में भगवान गणेश की मूर्तियां रखकर झांकी सजाई गई थी। विसर्जन के पहले भगवान गणेश की आरती की गई। डीजे, बैण्ड की धुन में नाचते श्रद्धालु गणपति बप्पा मोरिया के नारे लगाते हुए मूर्तियों को विसर्जन स्थल तक ले गए। जिला मुख्यालय से लेकर जिले के हर गांव में पूरे भक्तिभाव के साथ गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन के समाचार हैं। जिला मुख्यालय में प्रताप सागर तालाब चौपाटी, संकट मोचन तालाब के अलावा बूढ़ाबांध में प्रशासन की देखरेख में मूर्तियां विसर्जित की गईं। पूर्व में मूर्तियों के विसर्जन के दौरान कई हादसे हुए थे जिसको ध्यान में रखते हुए प्रशासन ने व्यापक व्यवस्था की है।

**बूढ़ाबांध में बनाया गया कुण्ड, क्रेन से विसर्जित की मूर्तियां -**

इस बार बूढ़ाबांध में एक नई व्यवस्था देखने को मिली। वैसे तो हर बार एक अलग कुण्ड बनाया जाता था लेकिन इस बार अलग कुण्ड बनाने के साथ ही क्रेन से मूर्तियों को कुण्ड तक पहुंचाया गया। इससे लोगों को गहराई तक जाने की जरूरत नहीं पड़ी। क्रेन में तखत बांध दिया गया था उसी तखत में मूर्तियों को रखकर कुण्ड तक ले जाया गया और वहां विसर्जित किया गया। इस व्यवस्था की निगरानी के लिए कलेक्टर पार्थ जैसवाल एवं एसपी अगम जैन की साझा रणनीति के माध्यम से पुलिस और प्रशासन द्वारा निगरानी की गई। शांति के साथ महोत्सव का विराम हुआ।

## ईर्ष्या के चलते युवक पर पत्थर से हमला, हालत गंभीर



**छतरपुर**। हरपालपुर थाना क्षेत्र के पुलिस लाइन के पीछे रहने वाले एक युवक पर ईर्ष्या के कारण हमला करने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार हरिओम अहिरवार (22) घर पर मौजूद था, तभी रंजीत अहिरवार ने उससे गाली-गलौज करना शुरू कर दिया। जब हरिओम ने इसका विरोध किया तो नंदलाल, तूफान और मिना प्रियंका ने भी मारपीट शुरू कर दी। इसी दौरान रंजीत अहिरवार ने पत्थर उठाकर हरिओम के सिर पर जोरदार वार कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे तत्काल जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उसका इलाज जारी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## लीनेस क्लब ने शिक्षकों को किया सम्मानित



छतरपुर।

शिक्षक दिवस के अवसर पर शहर के एक होटल में लीनेस क्लब द्वारा भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन से हुई, इसके बाद अतिथि शिक्षकों का माल्यार्पण कर शॉल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सम्मानित शिक्षकों में पूर्व प्राचार्य श्रीमती सूर्यमुखी द्विवेदी, पूर्व शिक्षक श्रीमती ऊषा सिंह, पूर्व शिक्षक शैलजा खरे, शिक्षक श्रीमती निर्मला रजक, प्राचार्य एस.जी. सिंह, भागवत गीता शिक्षक रुचि द्विवेदी, पूर्व प्राचार्य पी.डी.पी. लीनेस आभा श्रीवास्तव, शिक्षक श्रीमती प्रगति गुप्ता, शिक्षक शंकर पिपारिया, शिक्षक राफिया खातून एवं शिक्षक श्रीमति प्रियंका सूर्यमुखी शामिल रहे। इस कार्यक्रम में विशेष सहयोग पी.डी.पी. लीनेस आभा श्रीवास्तव का रहा। कार्यक्रम में उपस्थित लीनेस बहनों में ली. लक्ष्मी सिंह बुंदेला, ली. रेखा दोसाज, ली. गीता अग्रवाल, ली. सुषमा भार्गव, ली. कौशल दोसाज, ली. स्वराज बुंदेला, एरिया एग्जीक्यूटिव ली. कल्पना चौधरी, एरिया ऑफिसर ली. रजनी रावत, ली. अनीता श्रीवास्तव, ली. नीलम रावत, अध्यक्ष ली. कल्पना रावत, कोषाध्यक्ष ली. मानसी अग्रवाल, उपाध्यक्ष ली. दीपा सिंह, ली. ऋतु चौरसिया, ली. शशी गुप्ता, एरिया सचिव ली. रीना खरे, ली. प्रवीणा राय, ली. निशा अग्रवाल, ली. रचना अग्रवाल, ली. रानी अग्रवाल, ली. संगीता दोसाज, ली. कल्पना असाटी सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहीं।

## समाजसेवियों ने नौगांव को स्वच्छ शहर बनाने के लिए किया श्रमदान




**छतरपुर**। नगर पालिका नौगांव के मुख्य नगर पालिका अधिकारी आर.एस.अवस्थी ने स्वच्छ भारत अभियान के तहत पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मनसा देवी मंदिर के पास सफाई हेतु श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया। नगर पालिका अध्यक्ष अनूप तिवारी ने सभी पार्षदों से भी श्रमदान कार्यक्रमो में भागीदारी हेतु अनुरोध किया गया है। कार्यक्रम का शुभारंभ समाज सेवी पूर्व एसडीएम केएल अहिरवार एवं शिल्पी राय ने मनसा देवी मंदिर के पास पॉलीथिन कचरा एवं गाजर घास, खरपतवार उखाड कर किया। स्वच्छ भारत अभियान के ब्रांड एम्बेस्डर एवं पूर्व सीएमओ डी डी तिवारी ने तसलो में पॉलीथिन कचरा मंदिर के पास से संग्रहित कर नगर पालिका के कचरा वाहन में डाला। इस अवसर पर अजय सिंह चंदेल, संतोष गंगेले कर्मयोगी, संतोष तिवारी, राजकुमार मिश्रा आदि ने स्वच्छता अभियान में श्रमदान किया। पूर्व एसडीएम के एल अहिरवार ने कहा की जब तक वार्ड स्वच्छ नही होंगे तब तक शहर कचरा रहित नही बन सकता है इसमें वार्ड पार्षदो की भागीदारी अधिक महत्वपूर्ण है साथ ही श्रमदान के बाद एक ट्राली कचरा एकत्रित कर कचरा प्रस्संकरण केन्द्र भेजा गया।

# धंसान नदी गरौंली में 3 सौ से अधिक बप्पा की मूर्तियों का हुआ विसर्जन, ड्रोन कैमरे से हुई निगरानी

नौगांव।

प्रथम पूज्य भगवान गणेश की 10 दिन की आराधना के बाद शनिवार को शुभ मूहर्त में अनंत चतुर्दशी के मौके पर घर घर विराजे गणपति बप्पा की प्रतिमाओं और मूर्तियों का विसर्जन किया गया। नौगांव क्षेत्र की 3 सौ अधिक गणपति प्रतिमाओं का विसर्जन गरौंली से निकली धंसान नदी में किया गया। गणेश विसर्जन को लेकर प्रशासन भी घाट पर मुस्तैद रहा। प्रशासन ने अनहोनी की घटना से बचाव के लिए ड्रोन कैमरे से निगरानी रही। इस बार अत्याधिक बारिश के चलते मऊसहानियां के जगतसागर और धुबेला तालाब लबालब भर जाने के कारण प्रशासन ने प्रतिमा विसर्जन पर प्रतिबंध लगाया था, जिस कारण से धंसान नदी में क्षेत्र की अधिकांश प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया, पुलिस, प्रशासन, नगर पालिका की टीमों के साथ ही स्वास्थ्य विभाग की टीम भी विसर्जन स्थल पर मुस्तैद रही।

**विघ्नहर्ता गणपति बप्पा की शनिवार को धूमधाम से शोभायात्रा निकाली गई -**

ली गई। गणपति बप्पा मोरया के जोरदार जयकारों से पूरा शहर गुंजायमान हो गया। शहर के अनेक गणेश पंडालों में सजी और घर घर विराजमान बप्पा की मूर्ति का नम आंखों के साथ एवं डीजे की धुन पर नाचते गाते हुए विसर्जन किया गया। विसर्जन से पूर्व आरती के बाद गणपति की शोभायात्रा की शुरूआत हुई। शोभायात्रा के दौरान शहर में जगह-जगह गणेश प्रतिमाओं के दर्शन व अभिनंदन करने के लिये भक्तों का तांता लगा रहा। इस दौरान लोगों ने जमकर गुलाल उड़ाया। क्षेत्र के विभिन्न मार्गों से होती हुई प्रतिमाएं गरौंली की धंसान नदी तट पहुंची जहां पर धर्म आचार्यों के द्वारा पूजा अर्चना करके मूर्ति नदी के बहते जल में प्रवाहित की गई। इससे पहले प्रशासन ने पिछली घटनाओं से सबक एवं नदी में जल धारा को देखते हुए घाट के चारों ओर से बेरिकेटिंग करते हुए पुलिस , प्रशासन , राजस्व, नगर पालिका के साथ एसडीआरएफ के जवानों ने मोर्चा सम्हाल रखा था। तो वहीं प्रशासन ने गांव के स्थानीय गोताखोरों की टीम को भी अलर्ट मोड पर रखा। तहसीलदार पीयूष दीक्षित के अनुसार शाम 6 बजे तक लगभग 3 सौ से अधिक प्रतिमाओं का विसर्जन किया जा चुका है, जो देर रात तक चलता रहेगा। प्रशासन के द्वारा किसी भी व्यक्ति को नदी में प्रतिमा ले जाने की छूट नहीं है। प्रशासन के अनुभवी लोग ही बप्पा की मूर्ति नदी में ले जाकर विसर्जित कर रहे हैं। इस दौरान एसडीएम जीएस पटेल, तहसीलदार पीयूष दीक्षित, एसडीओपी अमित मेश्राम, थाना प्रभारी सतीश सिंह, नगर पालिका सीएमओ आरएस अवस्थी, सदर पटवारी कमलेश गुप्ता, नपा से मंगल सिंह, स्वास्थ्य विभाग की टीम सहित राजस्व, मगर पालिका, पुलिस के साथ एसडीआरएफ टीम का अमला मौजूद रहा। तहसीलदार दीक्षित ने बताया कि सुरक्षा के मद्देनजर घाट के पास विसर्जन के दौरान मेडिकल टीम को एंबुलेंस के साथ तैनात किया गया है, कोई अनहोनी जैसी घटना घटित होने पर तुरंत स्वास्थ्य लाभ दिया जा सके। तो वहीं अनहोनी से बचने के लिए चारों ओर पुलिस प्रशासन के साथ एसडीआरएफ की टीम और उनकी सहायता के लिए ड्रोन से पूरे परिसर में निगरानी रखी गई।



**जगतसागर, धुबेला तालाब फुल होने से नहीं हुआ विसर्जन -**

मानसून की अच्छी बारिश के चलते इस वर्ष जगतसागर, धुबेला तालाब सहित क्षेत्र के सभी तालाब लबालब हो गए है। प्रशासन ने सुरक्षा के एहतियात के तौर पर पहले से ही जगतसागर, धुबेला तालाब में प्रतिमा विसर्जन को लेकर प्रतिबंध लगा रखा था, जिस कारण से क्षेत्र की अधिकांश प्रतिमाएं धंसान नदी में तो वहीं लुगासी, गढ़ीमलहरा क्षेत्र की प्रतिमाओं का विसर्जन उर्मिल नदी में किया गया।

## दस दिनी पर्युषण पर्व संपन्न, आत्म आराधना में लीन रहे श्रावक

### पालकी महोत्सव एवं क्षमावाणी पर्व 9 सितंबर को

**छतरपुर**। जैन धर्मावलंबियों के आत्म आराधना के दस दिवसीय पर्युषण पर्व का समापन शनिवार 6 सितंबर को विविध धार्मिक, आध्यात्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ हर्षोल्लास से हो गया। नगर में इस समय आर्यिकाश्री रिजूमति माता जी का ससंघ चातुर्मास चल रहा है। इस कारण पर्यूषण पर्व में उनके मांगलिक प्रवचनों का लाभ श्रद्धालुओं ने लिया।

डॉ सुमति प्रकाश जैन ने बताया कि पर्यूषण पर्व के पश्चात अब 9 सितंबर 25 को नगर में श्रीजी की भव्य पालकी निकलेगी तथा क्षमावाणी पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। जैन धर्मावलंबियों ने आत्म आराधना के पर्वराज पर्युषण पर दस धर्मों का पालन नियम तथा हर्षोल्लास के साथ किया हैं। पर्युषण पर्व के दसवें और अंतिम दिन बड़े जैन मंदिर , हटवारा जैन मंदिर, अतिशय क्षेत्र डेरा पहाड़ी, चेतगिरी जैन मंदिर, ग्रीन एवेन्यू जैन मंदिर आदि में पूजन, अभिषेक और भव्य आरती हुई, इसमें बच्चों और बड़ों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। डा. जैन ने बताया कि क्षमावाणी पर्व में विगत में हुई भूलों के लिए एक दूसरे से क्षमा मांगते हैं तथा अपना मनोमालिन्य दूर कर फिर सद्भाव तथा सौहार्दपूर्वक संबंध निर्वहन करते हैं। कल 12 वें तीर्थंकर देवाधिदेव वासुपूज्य भगवान का मोक्ष कल्याणक पर्व, अनंत चतुर्दशी पर्व तथा दसवां पर्व उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म विधि विधान से मनाया गया। बड़े जैन मंदिर में 5 सितंबर को रात्रि में भक्तांबर आराधना स्पर्धा बड़े भव्य रूप में संपन्न हुई, जिसमें 70 जोडियों ने मोहक आराधना की। इस कार्यक्रम में अतिथि के रूप में तहसीलदार आलोक जैन, ड्रग इंस्पेक्टर अजित जैन, सहायक जीएसटी अधिकारी पूजा जैन एवं प्रो सुमति प्रकाश जैन उपस्थित रहे, जिन्होंने सभी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। वही डेरापहाड़ी में चेलना महिला मंडल द्वारा लाड़ू सजाओ प्रतियोगिता हुई, जिसमें प्रतिभागियों ने मनमोहक ढंग से लाड़ बनाए और सजाए थे। रात्रि में यहां हुए सरस कवि सम्मेलन का आनंद श्रोताओं ने उठाया। प्रो. जैन के अनुसार उत्तम ब्रह्मचर्य का अर्थ है निजात्मा और चर्य का अर्थ है आचरण करना या लीन होना। अतः ब्रह्मचर्य से तात्पर्य निज आत्मा में लीन होना। उत्तम ब्रह्मचर्य मन लावे, नरसुर सहित मुक्ति फल पावे। ब्रह्म के मायने हैं ऐसी आत्मलीनता जिसमे बाहर के पदार्थों के प्रति कोई आसक्ति ना रह जाए।



पंडित उमेश शास्त्री, सांगानेर ने डेरापहाड़ी जैन मंदिर में अपने प्रवचन में कहा कि जब हम आत्म स्वभाव से परिचित होते है, विषयों के प्रति अनासक्त में होते है और देहासक्ति से ऊपर उठ कर आत्मानुराग से भर जाते है तो यही सही मायने में ब्रह्मचर्य हैं। जैन समाज के अध्यक्ष अरुण जैन अन्नू एवं समस्त कार्यकारिणी ने पर्यूषण पर्व पर हुए सभी कार्यक्रमों में सहभागिता करने वालों और सहयोगियों देने वाले बंधुओं का हार्दिक आभार व्यक्त किया है। पर्यूषण पर्व के अंतिम दिन अनंत चौदस को छतरपुर के मेला ग्राउंड स्थित अजितनाथ जिनालय सहित सभी मंदिरों श्री जी का महामस्तकाभिषेक और पूजन श्रद्धालुओं द्वारा पूरी धार्मिक प्रभावना के साथ किया गया।

# खजुराहो में शिक्षक दिवस पर शिक्षकों का हुआ भव्य सम्मान समारोह

**खजुराहो**। भगवान मतँगेश्वर की नगरी खजुराहो में शिक्षक दिवस के अवसर पर एक गरिमामय एवं भव्य समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम दद्दा जी इंटरनेशनल कल्चर सेंटर एवं मतँगेश्वर सेवा समिति खजुराहो के प्रमुख पंडित सुधीर शर्मा के आव्हान पर प्रसिद्ध वुड्स कैफ़े रेस्टोरेंट में सम्पन्न हुआ, जिसमें शिक्षा और संस्कृति के प्रति समर्पण की एक अनूठी झलक देखने को मिली, समारोह की शुरुआत भारतीय संत परंपरा और महापुरुषों के स्मरण से हुई। सर्वप्रथम मतंग ऋषि, सन्यासी बाबा, ब्रह्म बाबा, मतंग धूना (झाड़ू वाले बाबा), परमपूज्य पंडित देव प्रभाकर शास्त्री ( दद्दा जी), आचार्य विद्यासागर महाराज, नारायण महाराज, प्रेमगिरी महाराज और भगवान रजनीश ओशो के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया गया। साथ ही, भूतपूर्व राज्यसभा सांसद स्वर्गीय प्रभात झा एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ सेवक स्वर्गीय डॉ. कंछेदी लाल पाठक को भी भावपूर्ण श्रद्धा के साथ याद किया गया। कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण के रूप में बुंदेलखंड के एकमात्र बेगलेस स्कूल की संचालिका श्रीमती वर्षा चतुर्वेदी को सम्मानित किया गया बड़ी संख्या में महिला शिक्षिकाओं की उपस्थिति ने इस आयोजन की गरिमा को और भी बढ़ा दिया। सम्मान प्राप्त करने के बाद अपने उद्बोधन में श्रीमती चतुर्वेदी ने कहा कि खजुराहो आकर उन्होंने सबसे पहले भगवान मतँगेश्वर के दर्शन किए और उनकी भक्ति का गहन आनंद प्राप्त किया। तत्पश्चात, पंडित सुधीर शर्मा द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में सम्मिलित होकर उन्हें विशेष संतोष मिला। उन्होंने कहा कि जिस आत्मीयता और सम्मान के साथ उन्हें और उनके विद्यालय की शिक्षिकाओं को सम्मानित किया गया है, वह उनके जीवन की अविस्मरणीय स्मृतियों में सदा अंकित रहेगा। उन्होंने पंडित शर्मा के सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यों की प्रशंसा करते हुए उन्हें समाज का प्रेरणास्रोत बताया। इस अवसर पर क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक एवं सामाजिक कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे, जिनमें बुंदेलखंड बैंक के विजय रजक, परिवर्तन एनजीओ के राकेश राजोरिया, समाजसेविका सपना शुक्ला, खजुराहो भाजपा मंडल अध्यक्ष गौरव सिंह बघेल एवं मण्डल उपाध्यक्ष रविंद्र पाठक, इसरार खान सहित अनेक बुद्धिजीवी और सामाजिक कार्यकर्ता शामिल थे। सभी अतिथियों ने शिक्षकों की महत्ता और समाज निर्माण में उनकी भूमिका पर प्रकाश डाला शिक्षक दिवस के इस आयोजन ने न केवल शिक्षा जगत को गौरवान्वित किया, बल्कि खजुराहो की सांस्कृतिक और सामाजिक परंपरा को भी नई ऊर्जा प्रदान की। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने यह संकल्प भी लिया कि समाज में शिक्षा और संस्कारों की



## जिला अस्पताल में डॉक्टर ने बचाई मासूम की जान, 10 रुपए का सिक्का बिना ऑपरेशन निकाला

**छतरपुर**। राजनगर थाना क्षेत्र के ग्राम परा निवासी गिरधारी पाल के 10 वर्षीय बेटे नरेंद्र पाल ने खेल-खेल में स्कूल में 10 रुपए का सिक्का निगल लिया। सिक्का गले में फंसने से बच्चे की हालत बिगडने लगी, जिससे परिजन घबराकर उसे तुरंत जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। परिजनों ने बताया कि उन्हें जानकारी मिली थी कि जिला अस्पताल के डॉक्टर मनोज चौधरी बिना ऑपरेशन के बच्चों के गले में फंसा सिक्का निकाल देते हैं। इस पर वे तुरंत बच्चे को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे। डॉ. मनोज चौधरी ने केवल 2 मिनट में ही बिना किसी ऑपरेशन के सिक्के को सुरक्षित तरीके से निकालकर बच्चे की जान बचाई। बच्चे की हालत अब पूरी तरह से सामान्य है। डॉक्टर की इस तत्परता और कुशलता की परिजनों ने सराहना की। डॉक्टरों का कहना है कि छोटे बच्चों पर हमेशा नजर रखें और उन्हें सिक्के या छोटे सामान से खेलने न दें, क्योंकि यह उनकी जान के लिए खतरा बन सकता है।



## गढ़ा में बनेगा अत्याधुनिक विद्युत सब स्टेशन

# राजनगर विधायक के प्रयासों से क्षेत्र में बिजली संकट होगा दूर

**छतरपुर**। राजनगर विधानसभा क्षेत्र के लिए बड़ी खुशखबरी आई है। भाजपा विधायक अरविंद पटैरिया के निरंतर प्रयासों का नतीजा है कि अब बागेश्वर धाम गढ़ा में नवीन विद्युत सबस्टेशन की स्थापना की जा रही है। यह परियोजना न केवल ग्राम गढ़ा बल्कि पूरे राजनगर क्षेत्र के विकास में एक नया अध्याय लिखेगी।

बागेश्वर धाम, जो आज करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है, यहां आने वाले भक्तों और स्थानीय ग्रामीणों को लंबे समय से बिजली कटौती और वोल्टेज की समस्या से जूझना पड़ता था। इस सबस्टेशन के निर्माण के बाद क्षेत्रवासियों को निर्बाध, गुणवत्तापूर्ण और स्थायी बिजली आपूर्ति सुनिश्चित होगी।



विधायक अरविंद पटैरिया ने जानकारी देते हुए कहा कि गढ़ा में विद्युत सबस्टेशन का निर्माण क्षेत्र के समग्र विकास के लिए एक महत्वपूर्ण पहल है। इससे न केवल आवासीय क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बेहतर होगी बल्कि गढ़ा में होने वाले धार्मिक आयोजनों और पर्यटन सुविधाओं को भी मजबूती मिलेगी। उन्होंने बताया कि गढ़ा में स्थित बागेश्वर धाम लाखों श्रद्धालुओं की आस्था का प्रतीक है। यहां सालभर बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं, जिससे विद्युत आपूर्ति पर दबाव बढ़ जाता है। सबस्टेशन बनने के बाद इस समस्या का स्थायी समाधान होगा। इस परियोजना के पूरा होने पर गढ़ा और आसपास के गांवों को 24 घंटे बिजली मिलेगी। किसानों को सिंचाई के लिए बेहतर सुविधाएं मिलेंगी, उद्योगों को प्रोत्साहन मिलेगा और क्षेत्र का आर्थिक व धार्मिक महत्व और बढ़ेगा। विधायक अरविंद पटैरिया ने कहा, यह सिर्फ एक सबस्टेशन नहीं, बल्कि गढ़ा और आसपास के क्षेत्र के विकास का रोडमैप है। हम हर संभव प्रयास करेंगे कि यह परियोजना समय पर पूरी हो और जनता को लाभ मिल सके। गढ़ा में बनने जा रहा यह विद्युत सबस्टेशन न केवल क्षेत्र की बिजली समस्या का समाधान करेगा, बल्कि गढ़ा को एक आधुनिक और सशक्त धार्मिक-पर्यटन स्थल बनाने में भी अहम भूमिका निभाएगा। यह परियोजना राजनगर विधानसभा क्षेत्र के विकास की दिशा में विधायक अरविंद पटैरिया की बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है।

**खबर संक्षेप**

## पिकअप में ठूंसठूंस कर भरे थे मवेशी, बछिया की मौत

**रीवा।** सामाजिक कार्यकर्ता शिवानंद द्विवेदी की शिकायत पर गढ़ थाने में गौतस्करी एवं पशु क्रूरता को लेकर अपराध पंजीबद्ध कर लिया गया है। बताया गया की घटना 01 सितंबर 2025 रात्रि लगभग 9 की है जब पंजाब सिंह परिहार, विपिन सिंह परिहार, धीरज सिंह परिहार, मार्तंड सिंह परिहार, कमलेश पांडेय, प्रभाकर सिंह आदि की उपस्थिति में एक बोलेरो पिकअप क्रमांक एमपी 19 जीए 6606 मौके के वारदात पर सेदहा मोड़ के पास पकड़ा गया था जहां लगभग एक दर्जन गौवांशों को ठूस दूस कर भरा गया था। इस प्रकार क्रूरता पूर्वक क्षमता से अधिक मवेशी भरे जाने के कारण लगभग एक डेढ़ वर्ष की बछिया की दबकर मृत्यु भी हो गई थी। इसके बाद गढ़ थाना पुलिस को जानकारी दी गई एवं तत्काल एक्शन लेते हुए गढ़ थाना प्रभारी अवनीश पांडेय ने अपना दल भेजा और मौके पर बोलेरो को जब्त कर आरोपियों को थाने ले गए। इसके अगले दिन 02 सितंबर 2025 को अपराध क्रमांक 393/2025 के तहत पशु क्रूरता अधिनियम 1960 की धारा 11 (1) (ए), 11 (1) (घ), 11 (1) (ई), 11 (1) (एच), के तहत एफआईआर दर्ज कर दी है। जांच का जिम्मा हेड कांस्टेबल राहुल बर्सेना को सौंपा गया है। सामाजिक कार्यकर्ता शिवानंद ने गौशाला की व्यवस्थाओं पर सवाल उठाते हुए उच्च स्तरीय जांच की मांग की है।

## राज्य स्तरीय शालेय बालीबाल प्रतियोगिता आयोजन के संबंध में बैठक कल

**रीवा ।** रीवा में आगामी 22 सितंबर से 26 सितंबर तक 17 वर्ष उम्र के बालक-बालिकाओं की राज्य स्तरीय बालीबाल प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी। प्रतियोगिता आयोजन के संबंध में तैयारी बैठक कलेक्टर की अध्यक्षता में 8 सितंबर को टीएल बैठक के उपरांत कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में होगी। जिला शिक्षा अधिकारी ने संबंधित अधिकारियों से बैठक में उपस्थिति की अपेक्षा की है।

## बाबा के तेरहवीं के दिन नातिन की भी मौत, सांप के काटने से गई 11 वर्षीय मासूम की जान

**रीवा ।** जिले के बैकुंठपुर थाना क्षेत्र के नदना गांव में एक ही परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। पहले घर के बुजुर्ग की दीवार गिरने से मौत हो गई और अब तेरहवीं के दिन ही उनकी 11 वर्षीय नातिन की भी सांप के काटने से मौत हो गई। यह हृदय विदारक घटना पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ा गई है। घटना ने न सिर्फ परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया है, बल्कि पूरे गांव में दहशत और अंधविश्वास का माहौल भी बना हुआ है। ग्रामीणों के बीच यह चर्चा का विषय बना हुआ है कि कहीं यह किसी देवी-देवता के क्रोध का परिणाम तो नहीं। मिली जानकारी के अनुसार, नादना गांव निवासी मान्या सिंह (11 वर्ष) को 3 सितंबर की तड़के लगभग 4 बजे सोते समय एक जहरीले सांप ने काट लिया। परिवार ने तुरंत उसे रीवा के संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया, लेकिन चार दिनों तक चले उपचार के बाद शुक्रवार को मासूम मान्या ने दम तोड़ दिया। परिजनों ने बताया कि मान्या बेहद चंचल और होनहार बच्ची थी। पूरे परिवार की आंखों का तारा अब इस दुनिया में नहीं रहा, जिससे घर में मातम पसरा हुआ है। इस घटना को और ज्यादा दुखद बना देता है यह तथ्य कि शुक्रवार को ही मान्या के बाबा की तेरहवीं थी। दरअसल कुछ दिन पहले घर में नए भवन निर्माण के लिए दीवार गिराई जा रही थी, उसी दौरान मलबे में दबकर वृद्ध की मौत हो गई थी। परिवार 13वीं की रस्मों की तैयारी में व्यस्त था, और उसी दिन मान्या की भी मौत की खबर मिल गई। अब घर में एक साथ दो-दो शवों की चीख-पुकार है। परिजन रो-रोकर बेहाल हैं और गांव में सन्नाटा छा गया है। गांव में इस दुहरे दुख को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं। कुछ ग्रामीणों का कहना है कि जिस जगह दीवार गिराई गई थी, वहां किसी स्थानीय देवी-देवता का वास था। उनका मानना है कि उसी स्थान के छेड़छाड़ के चलते ये दुखद घटनाएं हो रही हैं।

### ठेका कंपनी रैमकी को कई लाखों रुपए, सिर्फ कचरा उठाने और परिवहन का काम, उस पर भी खेल

# रीवा को स्वच्छता सर्वेक्षण में देश में पाँचवाँ स्थान, क्या ज़मीनी हकीकत भी उतनी ही साफ

**रीवा ।** रीवा शहर को हाल ही में संपन्न स्वच्छता सर्वेक्षण 2024- 2025 में देश के मध्यम आकार के शहरों में पाँचवाँ स्थान और मध्यप्रदेश में छठा स्थान हासिल हुआ है। यह उपलब्धि पहली नजर में प्रशंसा के योग्य लगती है और शहरवासियों के लिए गर्व का विषय भी है। लेकिन जब इन आंकड़ों की परतें खोली जाती हैं, और जमीनी हकीकत को रीवा की आँखों से देखा जाता है, तो तस्वीरें और बयान इन दावों से मेल नहीं खाते। शहर के अलग-अलग बाजारों, रिहायशी इलाकों और मुख्य सड़कों को देखा जाए तो आंकड़ों की चमकदार परत के नीचे सफाई व्यवस्था किस हद तक जर्जर है। स्वच्छता सर्वेक्षण रिपोर्ट के अनुसार रीवा के बाजार क्षेत्रों को सफाई के लिए 100% अंक दिए गए हैं। लेकिन जब हमारी टीम ने शहर की पुरानी सब्ज़ी मंडी का निरीक्षण किया, तो वहां नालियों में बजबजाता पानी, सड़कों पर कचरे के ढेर और बदबू से दमघोंटू माहौल मिला। व्यापारी और ग्राहक दोनों ही गंदगी से त्रस्त दिखे। वही गुड़हाई बाजार रीवा के सबसे पुराने और व्यस्ततम बाज़ारों में से एक है। यहां की हालत तो और भी खराब पाई गई। फुटपाथों पर कचरे के ढेर, प्लास्टिक, सड़ी हुई सब्ज़ियाँ, पॉलिथीन और बिना ढके कूड़ेदान आम दृश्य बन चुके हैं। स्थानीय दुकानदार राजेश सोनी कहते हैं सरकारी रैंकिंग तो मिल गई, लेकिन जो रोज़ यहां आता है, उसे पता है कि हकीकत क्या है। सुबह सफाई नहीं होती, कचरा दोपहर तक पड़ा रहता है।





### रिहायशी इलाकों में सफाई के नाम पर ढोंग

नगर निगम के आंकड़े कहते हैं कि रेसिडेंशियल एरिया को भी 100% अंक मिले हैं। लेकिन हकीकत देखने के लिए जब हमारी टीम नगरिया तिराहा, पाण्डेय टोला, उपरहटी, बिछिया, नेहरू नगर, शारदा पुरम, चिरहुला कॉलोनी, बिना विहार कॉलोनी शांति विहार कॉलोनी और न्यू बस्ती जैसे इलाकों में पहुँची, तो स्थिति चिंताजनक थी। कचरा दो-दो दिन तक नहीं उठाया जाता। जगह-जगह खुले में फेंका कूड़ा, नालियों में जमा गंदगी, और बदबू ने निगम के दावों की पोल खोल दी। स्थानीय निवासी श्रीमती सरोज सिंह कहती हैं हर महीने सफाई टैक्स भरते हैं, लेकिन मोहल्ले में गाड़ियां दोपहर बाद आती हैं। कभी-कभी दो दिन तक नहीं आतीं। निगम में शिकायत करो तो कोई सुनवाई नहीं होती।



### राम भरोसे चल रही सफाई व्यवस्था, 70 लाख महीना ले रही ठेका कंपनी

रीवा नगर निगम ने शहर की सफाई व्यवस्था का जिम्मा रैमकी नाम की कंपनी को सौंपा है। कंपनी को हर महीने ₹70 लाख रुपये का भुगतान किया जा रहा है। कंपनी का दावा है कि शहर में 60 कचरा वाहन, 600 से ज्यादा सफाईकर्मी और 10 ट्रैक्टर तैनात हैं। लेकिन जमीनी सच्चाई यह है कि कचरा उठाव सुबह की बजाय दोपहर बाद होता है। कई बार वाहन मोहल्लों तक पहुंचते ही नहीं। निगम के पास मौजूद 45 वाहन और कर्मचारियों की मेहनत पर कंपनी की लापरवाही भारी पड़ती है। नगर निगम के एक सफाईकर्मी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया हम सुबह 6 बजे से झाड़ू लगाते हैं, लेकिन जब कचरा इकट्ठा हो जाता है, तब भी गाड़ी नहीं आती। कई बार 24 घंटे तक कचरा वैसे का वैसा पड़ा रहता है।

### 2018 से अब तक ठेका कंपनी की कार्यप्रणाली सवालों के घेरे में

रैमकी कंपनी 2018 से लगातार रीवा में कचरा उठाव का काम कर रही है। लेकिन अब तक इनकी कार्यशैली में कोई ठोस सुधार नहीं दिखा। नगर निगम बार-बार निर्देश देता है, लेकिन उन पर अमल नहीं होता। बताया जाता है कि शहर से रोजाना करीब 130 टन कचरा निकलता है। इसके हिसाब से मासिक भुगतान तय होता है। लेकिन जब कचरा समय पर नहीं उठाया जाता, तो उठता है सिर्फ शहरवासियों का गुस्सा।

### निगम की मंशा साफ, पर ठेकेदार की नीति मैली

रीवा नगर निगम के कमिश्नर सौरभ सोनवणे के आने के बाद सफाई व्यवस्था को सुधारने के प्रयास जरूर तेज़ हुए हैं। खुद कमिश्नर कई बार फील्ड विजिट कर चुके हैं, स्वच्छता कार्यशालाएं और अभियान भी चलाए गए हैं। लेकिन जब तक कचरा उठाव एजेंसी अपने कार्य में गंभीरता नहीं दिखाती, तब तक प्रशासन की मंशा भी बेअसर साबित होती दिख रही है।

## रीवा में डायल 112 सेवा शुरू, पुलिस सहायता अब और तेज़

### पहली ही रात सड़कों पर उतरे 34 नए वाहन, शहर में चोरहटा और देहात में सेमरिया थाने को मिली पहली शिकायत




**रीवा।** जनता को त्वरित पुलिस सहायता उपलब्ध कराने के लिए शासन द्वारा डायल 112 सेवा की शुरुआत कर दी गई है। जिले में रात 10 बजे से यह नई सेवा सक्रिय हो गई, जिसके तहत 34 नए वाहन सड़कों पर दौड़ने लगे। डायल 100 के कंडम हो चुके वाहनों को हटाकर यह नई व्यवस्था लागू की गई है, जिससे पुलिस सहायता पहले की तुलना में अधिक प्रभावी और तेज़ हो सकेगी।0शासन की इस नई पहल के तहत रीवा जिले को कुल 34 डायल 112 वाहन प्रदान किए गए हैं, जो डायल 100 के मुकाबले 13 अधिक हैं। वहीं, मऊगंज को 9 वाहन मिले हैं, जो पूर्व में उपलब्ध वाहनों की तुलना में चार अधिक हैं। इन वाहनों में 12 स्कॉर्पियो और 22 बोलेरो शामिल हैं। सभी वाहनों को संबंधित थानों और पुलिस चौकियों को सौंप दिया गया है, डायल 112 सेवा के शुरू होने से अब आमजन को पुलिस सहायता के लिए अधिक समय का इंतजार नहीं करना पड़ेगा। किसी भी आपात स्थिति में 112 नंबर डायल करते ही नजदीकी वाहन मौके पर पहुंचेगा। नई तकनीक और अधिक वाहनों के साथ यह सेवा पुलिसिंग को अधिक चुस्त-दुरुस्त और प्रभावशाली बनाएगी। इन वाहनों में तैनात पुलिसकर्मी बॉडी वॉर्न कैमरों से लैस रहेंगे, जिससे घटनास्थल पर की गई कार्रवाई की रिकॉर्डिंग की जा सकेगी। यह तकनीक पुलिस कार्रवाई की पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने में सहायक होगी। पहला फोन सेमरिया से, वही शहरी क्षेत्र में चोरहटा सेडायल 112 पर पहला फोन सेमरिया क्षेत्र से आया, जिसमें मारपीट की घटना की सूचना दी गई। शहरी क्षेत्र की बात करें तो पहला कॉल चोरहटा थाना क्षेत्र से प्राप्त हुआ।

### इन थानों को मिले वाहन

नई व्यवस्था के तहत बिछिया, समान, चोरहटा, गुढ़, रामपुर, कर्चुलियान, मनगवां, बैकुंठपुर और जवा थानों को दो-दो वाहन प्रदान किए गए हैं। सेमरिया थाने को सर्वाधिक चार वाहन मिले हैं, जबकि गढ़ थाने को तीन वाहन दिए गए हैं। शेष थानों को एक-एक वाहन उपलब्ध कराए गए हैं। वाहनों की संख्या अधिक होने के चलते अब पुलिस चौकियों को भी वाहन सौंपे जाएंगे, जिससे दूरदराज के इलाकों में भी त्वरित सहायता संभव हो सकेगी।

## बहू की जल रही थी चिता, पेड़ के नीचे बैठे ससुर के ऊपर गिरी बाइक, अस्पताल में मौत



**रीवा।** जिले के लौर थाना अंतर्गत फरहदा गांव में गुरुवार को एक हृदय विदारक हादसा हो गया। एक ओर जहां परिवार अपनी बहू की चिता को मुखाग्नि दे रहा था, वहीं दूसरी ओर एक अप्रत्याशित दुर्घटना ने उसके ससुर की जान ले ली। अंतिम संस्कार स्थल पर हुई इस दुर्घटना से गांव में शोक की लहर और गहरा गई है। जानकारी के अनुसार, ग्राम फरहदा निवासी कमला विश्वकर्मा उम्र लगभग 25 वर्ष का बीते 20 दिन पूर्व प्रसव के दौरान निधन हो गया था। शुक्रवार को उनका अंतिम संस्कार गांव के ही फरहदा मोड़ के पास किया जा रहा था। इसी दौरान तेज रफ्तार से आ रहे दो नाबालिग बाइक सवारों ने ऐसा कहर बरपाया, जिसे देखकर हर कोई स्तब्ध रह गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, तेज गति में दौड़ रही बाइक एक पत्थर से टकराई और बेकाबू होकर फिल्मी अंदाज में हवा में उछल गई। बाइक हवा में घूमती हुई पास में खड़े भगवानदीन कारपेंटर उम्र लगभग 60 वर्ष के ऊपर आ गिरी। सिर पर गंभीर चोट लगने के बाद उन्हें तत्काल परिजन इलाज के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां देर रात उनकी मौत हो गई। भगवानदीन, कमला विश्वकर्मा के ससुर थे और अंतिम संस्कार के समय शोकग्रस्त परिजनों के साथ मौजूद थे। हादसे ने पहले से शोक में डूबे परिवार को एक और गहरा सदमा दे दिया। बताया जा रहा है कि बाइक चला रहे दोनों किशोर बिना हेलमेट और ड्राइविंग लाइसेंस के तेज रफ्तार में वाहन चला रहे थे।

## मुख्यमंत्री देवतालाब में 241 करोड़ के निर्माण कार्यों का करेंगे शिलान्यास और लोकार्पण

**रीवा।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 7 सितम्बर को एक दिवसीय प्रवास पर मऊगंज जिले के देवतालाब विधानसभा क्षेत्र के देवतालाब आ रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सुबह 10.25 बजे भोपाल से वायुयान से प्रस्थान कर सुबह 11.15 बजे रीवा एयरपोर्ट पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री 11.20 बजे रीवा एयरपोर्ट से हेलीकाप्टर से प्रस्थान कर 11.35 बजे बहुती पहुंचेंगे। बहुती में मुख्यमंत्री जी का परंपरागत शैला नृत्य से स्वागत किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बहुती जलप्रपात का भ्रमण करेंगे। मुख्यमंत्री दोपहर 12.10 बजे बहुती से हेलीकाप्टर से प्रस्थान कर 12.25 बजे देवतालाब पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री सबसे पहले देवतालाब शिव मंदिर में पवित्र शिवलिंग के दर्शन कर पूजा-अर्चना करेंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री देवतालाब स्टेडियम में आयोजित विशाल जनसभा में देवतालाब विधानसभा क्षेत्र और मऊगंज जिले में 241.33 करोड़ के निर्माण कार्यों का शिलान्यास और लोकार्पण करेंगे। मुख्यमंत्री विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण करेंगे। मुख्यमंत्री समारोह के समापन के बाद दोपहर 2.25 बजे देवतालाब से हेलीकाप्टर से प्रस्थान कर दोपहर 2.45 बजे रीवा एयरपोर्ट पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री रीवा एयरपोर्ट से दोपहर 2.50 बजे वायुयान से प्रस्थान कर दोपहर बाद 3.40 बजे भोपाल पहुंचेंगे।

### विशाल जनसभा को करेंगे संबोधित

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 7 सितम्बर को मऊगंज जिले के देवतालाब विधानसभा क्षेत्र का भ्रमण करेंगे। मुख्यमंत्री सुबह 11.35 बजे बहुती जलप्रपात के समीप बनाए गए हेलीपैड पर हेलीकाप्टर से पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री का परंपरागत लोकगीत और नृत्यों से स्वागत किया जाएगा। मुख्यमंत्री बहुती जलप्रपात का अवलोकन करेंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री दोपहर 12.25 बजे देवतालाब पहुंचकर शिवमंदिर में पूजा-अर्चना करेंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री डॉ. यादव देवतालाब स्टेडियम में आयोजित मुख्य समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव कन्या पूजन करके देवी स्वरूपा बेटियों का सम्मान करेंगे। समारोह में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष तथा विधायक देवतालाब गिरीश गौतम स्वागत उद्बोधन देंगे। इसके बाद सभा को सांसद जनार्दन मिश्र संबोधित करेंगे। इसके बाद समारोह में मऊगंज जिले के प्रभारी मंत्री लखन पटेल राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार पशुपालन एवं डेयरी विकास का उद्बोधन होगा। इसके बाद उपस्थितजनों को उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल संबोधित करेंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री देवतालाब स्टेडियम में आयोजित विशाल जनसभा में 241.33 करोड़ की लागत के निर्माण कार्यों का शिलान्यास और लोकार्पण करेंगे। इसमें नवगठित मऊगंज जिले के संयुक्त जिला कार्यालय भवन के निर्माण कार्य का भी शिलान्यास शामिल है। इसके बाद मुख्यमंत्री जी विशाल जन समुदाय को संबोधित करेंगे तथा शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण करेंगे। समारोह के समापन के बाद मुख्यमंत्री हेलीकाप्टर से रीवा के लिए प्रस्थान करेंगे।

## सड़कों पर आवारा गौवंश दिखे तो पंचायत सचिव होंगे निलंबित- कलेक्टर



**मऊगंज।** कलेक्टर संजय कुमार जैन ने जिले में आवारा घूम रहे निराश्रित गौवंश को लेकर सख्त निर्देश जारी किए हैं। आदेश में कहा गया है कि सड़कों पर आवारा गौवंश से अक्सर दुर्घटनाएँ होती हैं, किसानों की फसल को नुकसान पहुँचता है और मृत पशुओं के शव कई दिनों तक सड़कों पर पड़े रहते हैं, जो अत्यंत आपत्तिजनक है। कलेक्टर ने निर्देश दिए हैं कि सभी पंचायत सचिव व रोजगार सहायक, निराश्रित गौवंश को नजदीकी गौशालाओं तक पहुँचाने की जिम्मेदारी निभाएँ। आदेश में साफ चेतावनी दी गई है कि यदि किसी भ्रमण के दौरान सड़क पर आवारा गौवंश पाया गया तो संबंधित पंचायत सचिव या रोजगार सहायक को तत्काल निलंबित किया जाएगा और जिम्मेदार अधिकारियों पर भी अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी। इसके साथ ही आदेश की प्रतिलिपि आयुक्त रीवा संभाग, पुलिस अधीक्षक मऊगंज, जिला पंचायत, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), तहसीलदार व थाना प्रभारियों को भी भेजी गई है, ताकि आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके।

## सेवा सहकारी समितियों के माध्यम से किसानों को किया जा रहा है सुविधाजनक ढंग से खाद का विक्रय



**रीवा।** जिले में सेवा सहकारी समितियों के माध्यम से किसानों को अवकाश दिवस में 6 सितंबर को सुविधाजनक ढंग से खाद का विक्रय किया गया। 7 सितंबर को भी किसानों को समितियों के माध्यम से खाद का विक्रय किया जायेगा। सेवा सहकारी समिति बीड़ा, टिकुरी, कनौजा, हिनौती, गंगेव, हिनौता सहित जिले की अन्य समितियों में किसानों को सुगमता से खाद उपलब्ध कराई जा रही है। इफको ई बाजार सेमरिया व मनगवां में भी उपलब्ध खाद का वितरण किसानों को किया गया। उल्लेखनीय है कि जिले में पर्याप्त मात्रा में खाद की उपलब्धता हो गयी है जिससे किसान सुविधाजनक ढंग से सेवा सहकारी समितियों के माध्यम से खाद ले रहे हैं। प्रभारी कलेक्टर डॉ. सौरभ सोनवणे के निर्देश पर राजस्व एवं कृषि विभाग के अधिकारियों की निगरानी में खाद का वितरण किया जा रहा है।

## मुख्यमंत्री देवतालाब में विशाल जनसभा को करेंगे संबोधित

### मुख्यमंत्री डॉ यादव का देवतालाब प्रथम आगमन



**मऊगंज।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 7 सितम्बर को मऊगंज जिले के देवतालाब विधानसभा क्षेत्र का भ्रमण करेंगे। मुख्यमंत्री सुबह 11.35 बजे बहुती जलप्रपात के समीप बनाए गए हेलीपैड पर हेलीकाप्टर से पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री का परंपरागत लोकगीत और नृत्यों से स्वागत किया जाएगा। मुख्यमंत्री बहुती जलप्रपात का अवलोकन करेंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री दोपहर 12.25 बजे देवतालाब पहुंचकर शिवमंदिर में पूजा-अर्चना करेंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री डॉ. यादव देवतालाब स्टेडियम में आयोजित मुख्य समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव कन्या पूजन करके देवी स्वरूपा बेटियों का सम्मान करेंगे। समारोह में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष तथा विधायक देवतालाब श्री गिरीश गौतम स्वागत उद्बोधन देंगे। इसके बाद सभा को सांसद श्री जनार्दन मिश्र संबोधित करेंगे। इसके बाद समारोह में मऊगंज जिले के प्रभारी मंत्री श्री लखन पटेल राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार पशुपालन एवं डेयरी विकास का उद्बोधन होगा। इसके बाद उपस्थितजनों को उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल संबोधित करेंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री देवतालाब स्टेडियम में आयोजित विशाल जनसभा में 241.33 करोड़ की लागत के निर्माण कार्यों का शिलान्यास और लोकार्पण करेंगे। इसमें नवगठित मऊगंज जिले के संयुक्त जिला कार्यालय भवन के निर्माण कार्य का भी शिलान्यास शामिल है। इसके बाद मुख्यमंत्री जी विशाल जन समुदाय को संबोधित करेंगे तथा शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण करेंगे। समारोह के समापन के बाद मुख्यमंत्री जी हेलीकाप्टर से रीवा के लिए प्रस्थान करेंगे।